भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.12.2025 के
तारांकित प्रश्न सं. 250 का उत्तर

रेल कौशल विकास योजना

*250. श्री इमरान मसूद:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में प्रशिक्षण केन्द्रों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) सहारनपुर में उक्त योजना के अंतर्गत कितने युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करके आत्मनिर्भर बनाया गया है; और

(ग) रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए अखिल भारतीय स्तर पर अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम किन-किन स्थानों पर आयोजित किए गए हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

दिनांक 17.12.2025 को लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 250 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ग): भारतीय रेल ने प्रशिक्षण के लिए एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया है जो मुख्य रूप से कर्मचारियों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो उनके करियर के विभिन्न चरणों में प्रभावी कौशल विकास, पुनः कौशल विकास और कौशल संवर्धन के लिए संरचित प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसमें सहयोग देने के लिए भारतीय रेल ने सभी क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों में प्रशिक्षण केंद्रों का एक व्यापक नेटवर्क स्थापित किया है। एक जोन के अंतर्गत भी ये प्रशिक्षण केंद्र मंडलों या कारखानों में विभिन्न स्थानों पर फैले हुए हैं।

साथ ही, युवाओं में रोजगार क्षमता बढ़ाने और उद्‌यमिता को बढ़ावा देने के उद्‌देश्य से, रेलवे ने रेल कौशल विकास योजना शुरू की है, जो 16 तकनीकी शिल्पों को समाहित करने वाला अखिल भारतीय प्रवेश स्तर का कौशल विकास कार्यक्रम है। यह योजना सितंबर 2021 में शुरू की गई थी, जिसका उद्‌देश्य प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को वेतनभोगी रोजगार या स्वरोजगार के लिए सशक्त बनाना है।

रेल कौशल विकास योजना के तहत देश भर में फैली क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन इकाइयों के 98 प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षुओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। देश के किसी भी भाग के अभ्यर्थी इस प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। इनमें से निम्नलिखित 14 प्रशिक्षण केंद्र उत्तर प्रदेश में स्थित हैं:

क्र. सं.	शहर	प्रशिक्षण केंद्र का नाम
1	लखनऊ	पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केंद्र, यांत्रिक रेलइंजन कारखाना
2	वाराणसी	तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र, बनारस रेलइंजन कारखाना
3	इज्जतनगर	मंडल प्रशिक्षण केन्द्र/सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना
4	गोरखपुर	विद्‌युत प्रशिक्षण केंद्र

5	झांसी	आधारभूत प्रशिक्षण केंद्र, माल डिब्बा कारखाना
6	बरेली	आधारभूत प्रशिक्षण केंद्र, यांत्रिक कारखाना
7	वाराणसी	बहु-विषयक मंडलीय प्रशिक्षण संस्थान
8	गाजियाबाद	सवारी एवं माल डिब्बा प्रशिक्षण केंद्र
9	झांसी	पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केंद्र, झांसी
10	गोरखपुर	कारखाना प्रशिक्षण केंद्र/यांत्रिक कारखाना
11	लखनऊ	मंडल प्रशिक्षण केन्द्र/सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना
12	लालगंज	तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र, आधुनिक सवारी डिब्बा कारखाना
13	गाजियाबाद	सिगनल एवं दूरसंचार प्रशिक्षण केंद्र
14	चंदौली	विद्युत कर्षण प्रशिक्षण केंद्र

इस योजना के आरंभ से ही, देश भर के 31,839 युवाओं को रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत निर्दिष्ट रेल प्रशिक्षण केंद्रों में अल्पकालिक तकनीकी कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इनमें से, 5,862 युवा उत्तर प्रदेश के हैं, जिनमें से 64 सहारनपुर जिले के हैं।

*****